# आकाशवाणी शिमला

## 29.11.2025/प्रादेशिक समाचार/15.00 बजे

**मुख्यमंत्री**

मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कहा है कि प्रदेश सरकार ने कांगड़ा जिले को राज्य की पर्यटन राजधानी घोषित किया है जिसके दृष्टिगत क्षेत्र में अनेक पर्यटन परियोजनाओं को साकार रूप दिया जा रहा है। धर्मशाला विधानसभा क्षेत्र की तंगरोटी पंचायत में सरकार गांव के द्वार कार्यक्रम के तहत जन शिकायतें सुनने के दौरान मुख्यमंत्री ने यह बात कही। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार ने कांगड़ा हवाई अड्डे के विस्तार के लिए चार सौ 60 करोड़ रुपए जारी किए हैं और इसका कार्य प्रगति पर है।

***कांगड़ा जिला की लैंड एक्यूजिशन के लिए हमने 460 करोड़ रुपये खर्च कर दिए है अगले चार पांच अगले 4–5 महीनों में पूरे कांगड़ा की लैड एक्वायर को हम जल्दी पूरा कर लेंगे औरजहां जहां भी एयरपोर्ट बड़ा बनाना चाहिए टूरिजम की दृष्टि से, और जिस एयरपोर्ट बड़ा बन जाएगा उस दिन आपकी जमीन की कीमत तीन गुना हो जाएगी।***

**राजेश धर्माणी**

तकनीकी शिक्षा मंत्री राजेश धर्माणी ने बिलासपुर जिले के घुमारवीं स्थित नागरिक अस्पताल में पहली बार दो जटिल सिजेरियन प्रसव करवाने वाले डॉक्टरों और अन्य स्टाफ को आज सम्मानित किया। इनमें डॉक्टर अनुपम शर्मा, डॉक्टर अभिनव गौतम, डॉक्टर दीपक और पांच अन्य स्टॉफ मैम्बर शामिल हैं। राजेश धर्माणी ने इस उपलब्धि के लिए सभी डॉक्टरों को बधाई दी। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार स्वास्थ्य व चिकित्सा संस्थानों के आधारभूत ढांचे को लगातार सुदृढ़ कर रही है ताकि लोगों को घर के समीप ही गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध हो सकें। धर्माणी ने बताया कि उपमंडल स्तर के अस्पतालों में भी आवश्यक चिकित्सा उपकरण मुहैया करवाए जा रहे हैं।

**मुख्य सचिव**

मुख्य सचिव संजय गुप्ता ने अधिकारियों को सर्दियों के मौसम में बर्फबारी और बारिश से निपटने के लिए सभी प्रबंध तय समय में पूरा करने के निर्देश दिए हैं। धर्मशाला में एक बैठक की अध्यक्षता करते हुए उन्होंने संबंधित विभागों से भारी बर्फबारी की स्थिति में किसी भी आपात स्थिति से निपटने के लिए तैयार रहने और चिन्हित स्थानों पर बर्फ हटाने के लिए पर्याप्त मशीनरी व श्रमशक्ति तैनात करने को कहा, ताकि लोगों को किसी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े। मुख्य सचिव ने आपात स्थिति में समयबद्ध प्रतिक्रिया पर बल देते हुए संबंधित विभागों से राज्य आपदा प्रबन्धन प्राधिकरण द्वारा जारी किए गए दिशा–निर्देशों का सख्ती से पालन करने के निर्देश दिए, ताकि जान–माल का नुकसान न हो।

**मन की बात**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कल 30 नवबंर को सुबह 11 बजे आकाशवाणी पर 'मन की बात' कार्यक्रम में देशवासियों के साथ अपने विचार साझा करेंगे। ये इस मासिक रेडियो कार्यक्रम की 128वीं कड़ी होगी। आकाशवाणी व दूरदर्शन के समूचे नेटवर्क और आकाशवाणी समाचार की वेबसाइट पर इस कार्यक्रम का सीधा प्रसारण किया जाएगा। आकाशवाणी समाचार, दूरदर्शन समाचार, प्रधानमंत्री कार्यालय और सूचना व प्रसारण मंत्रालय के यू–ट्यूब चैनलों पर भी इसका सीधा प्रसारण होगा।

**पेंशन**

प्रदेश उच्च न्यायालय ने सरकार को एच.आर.टी.सी पेंशनरों की पेंशन की अदायगी करने के आदेश जारी करते हुए कहा है कि अगली सुनवाई से पहले एच.आर.टी.सी पेंशनरों को उनकी बकाया पेंशन हर हाल में जारी की जाए। एच.आर.टी.सी पेंशनर्स समस्या समाधान मंच की ओर से दायर याचिका पर सुनवाई के दौरान न्यायालय ने निगम और सरकार को नोटिस जारी कर 19 दिसम्बर से पहले जवाब दायर करने को कहा है। याचिकाकर्ताओं की ओर से अधिवक्ता मनदीप चंदेल ने दलील दी कि नियमों के अनुसार पेंशन हर महीने की पहली तारीख को मिलनी चाहिए, लेकिन कई महीनों से पेंशन में हो रही देरी से पेंशनरों को परेशानी झेलनी पड़ रही है।

***कोर्ट ने एचआरटी को जवाब फाइल करने के साथ–साथ बिफोर थे नेक्स्ट डेट ऑफ़ हियरिंग जो 90जी ऑफ़ दिसंबर है उससे पहले पहले आप इसमें इनको उनकी पेंशन रिलीज कॉरपोरेशन 1974 के अंदर बनी इसमें जो हमारे हिमाचल प्रदेश ट्रांसपोर्ट कुल्लू मंडी जो स्टेशन थी उनके जो जब मर्ज किया गया उसमें लिखा है कि उनका जो भी पेंशन दी जाएगी स पर सीसीएस पेंशन रूल के हिसाब से ही दी जाएगी और जब एचटीसी ने पेंशन स्कीम को भी अडॉप्ट किया 1995 के अंदर स्टेट गवर्नमेंट एम्पलाई ही दिए जाएं***

**निरीक्षण**

शिमला के भट्टाकुफर चौक में जमीन धंसने की घटना का निरीक्षण करने के लिए जियोलॉजिकल सर्वे ऑफ इंडिया की टीम आज मौके पर जाकर निरीक्षण कर रही है। इस टीम ने कल शाम भी घटनास्थल का दौरा किया था। उपायुक्त अनुपम कश्यप ने बताया कि जिला प्रशासन ने पत्र लिख कर जियोलॉजिकल सर्वे ऑफ इंडिया को इस घटना के बारे में सूचना दी थी और निरीक्षण करने के आग्रह किया था।